# सर्वाधिक एयरपोर्ट वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर यूपी

**लखनऊ।** यूपी देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट के साथ ही सबसे अधिक पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है। इसके लिए राज्य सरकार ने खजाना खोला है। जेवर एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं का संचालन शुरू होने के बाद यूपी देश का एकलौता पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे वाला राज्य होगा। बजट में इसकी की स्थापना और एयरपोर्ट के लिए भूमि खरीद के लिए 1150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार और सुदृढ़ीकरण और भूमि अर्जन के लिए भी 1100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यूपी में लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर, अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वर्तमान में संचालित हैं। वहीं कानपुर, प्रयागराज, हिंडन, आगरा, बरेली में भी एयरपोर्ट संचालित हैं। अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और चित्रकूट में एयरपोर्ट का निर्माण किया जा चुका है। सोनभद्र के म्योरपुर और सहारनपुर के सरसावा में एयरपोर्ट का निर्माण कार्य चल रहा है। बजट में अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि

